# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांकः 16.11.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा–जनजातीय संस्कृति और धरोहर को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलना चाहिए।**
- **उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने उम्मीद जताई–राइजिंग राजस्थान समिट से प्रदेश की तस्वीर बदलेगी।**
- **राज्य की मंडियों को ई–मंडी प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिजिटल किया जाएगा।**
- **प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर तापमान सामान्य से ऊपर रहने के कारण सर्दी की रंगत फीकी।**

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि जनजातीय संस्कृति और धरोहर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलना चाहिए। उपराष्ट्रपति आज उदयपुर में वनवासी कल्याण आश्रम विद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के सिलसिले में सभा को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सुनियोजित तरीके से प्रलोभन देकर जनजातियों की आस्था को बदलने की कोशिश की जा रही है, जिस पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश की आज़ादी के लिए, जनजाति के लिए जो किया वो अकल्पनीय है। उन्होंने कहा कि 'जल, जंगल, जमीन' केवल शब्द नहीं हैं, बल्कि ये जीवन शैली है। भगवान बिरसा मुंडा ने बताया कि ये शिक्षाएं स्थायी जीवन और पर्यावरण के प्रति सम्मान का महत्व बताती हैं।

.............

उपराष्ट्रपति ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति पद पर आसीन होना जनजातीय गौरव का प्रतीक है। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र की समावेशिता और विविधता का प्रतीक बताया। उपराष्ट्रपति ने युवाओं से शिक्षा पर ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश तेजी से तरक्की कर रहा है और आने वाले पीढ़ियां देश को नई उचाइयों पर लेकर जायेंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दो साल में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। उपराष्ट्रपति ने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में व्याख्यान दिया। उन्होंने परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि उनकी सरकार का लक्ष्य वोट बैंक की राजनीति से परे हटकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। एक निजी मीडिया संगठन द्वारा आयोजित लीडरशिप समिट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार लोगों के लिए, लोगों द्वारा प्रगति के मंत्र के साथ काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार विकास का ऐसा मॉडल अपना रही है जहां निवेश से प्रगति और रोजगार को गति मिलती है।

.............

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में अब सवा लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप हैं और युवा देश को गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आज भारत में कम से कम 10 करोड़ लखपति दीदियां हैं।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि राइजिंग राजस्थान समिट से राजस्थान की तस्वीर बदलेगी। दिया कुमारी आज भीलवाड़ा जिले के सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र के एक दिन के दौरे के तहत मीडिया से मुखातिब हो रही थीं। उन्होंने कहा कि देश के बड़े–बड़े उद्यमी यहां पर निवेश करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर कर रहे हैं और जल्दी ही राजस्थान को समृद्धशाली राज्य की श्रेणी में ले जाने का सरकार द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज ब्यावर जिले के मसूदा स्थित देवमाली गाँव का दौरा किया। देवमाली को हाल ही केन्द्र सरकार ने बेस्ट ट्यूरिस्ट विलेज घोषित किया है। मसूदा का देवमाली गाँव अपनी सदियों पुरानी परंपराओं को जीवित रखने के लिए विख्यात है। इस गाँव के पाँच सौ से ज्यादा घरों में से किसी में भी पक्की छत नही है। यहाँ के लोग घरों में ताले नही लगाते, गाँव में अपराध का आँकड़ा शून्य है। किंवदंती है कि भगवान देवनारायण ने इस गाँव को आशीर्वाद दिया था। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देवमाली गाँव में पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

000

उद्योग और वाणिज्य विभाग ने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत बैंकों से ऋण लेने वाले की ओर से चुकाए गए ब्याज पर 2 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान देने संबंधी आदेश जारी कर दिए हैं। अब लाभार्थियों को महज 3 प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण मिल सकेगा। उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया बजट में पीएम विश्वकर्मा योजना में ऋण प्राप्त लाभार्थियों के लिए यह घोषणा की थी, जिसकी अनुपालना की गई है। उद्योग मंत्री ने बताया कि योजना में केन्द्र सरकार द्वारा कारपेन्टर, लुहार, मूर्तिकार, सुनार, कुम्हार सहित 18 ट्रेड के दस्तकारों को लाभ दिया जा रहा है। श्री राठौड़ ने बताया कि इस योजना के तहत दस्तकारों को 15 हजार रूपये की टूल किट सहायता और बैंक द्वारा बिना गारंटी के 5 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण दिया जाता है।

000

प्रदेश की मण्डियों को ई–मण्डी प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिजिटल किया जाएगा। कृषि और उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव राजन विशाल ने बताया कि मण्डी समिति की सारी प्रक्रिया को ई–मण्डी प्लेटफॉर्म के माध्यम से किये जाने के बाद ई–ऑक्शन और ई–भुगतान संभव हो सकेगा। उन्होंने बताया कि ई–ऑक्शन के माध्यम से व्यापारियों को किसी भी स्थान पर भौतिक रूप से मौजूद हुए बिना ही भाव लगाने का अवसर मिलेगा।

000

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर तापमान सामान्य औसत से ऊपर रहने के कारण सर्दी की रंगत फीकी बनी हुई है। हालांकि आज राज्य के 14 स्थानों पर न्यूनतम तापमान 15 डिग्री या इससे नीचे दर्ज हुआ है, पर ये इन दिनों में रहने वाले सामान्य तापमान से ज्यादा है। पिछले 24 घंटों में सबसे कम 12 डिग्री सेल्सियस तापमान सिरोही में दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में रात के पारे में हालांकि गिरावट हुई है और ये 17 दशमलव 8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, लेकिन ये भी सामान्य से करीब 3 डिग्री ऊपर है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने आकाशवाणी को बताया कि आने वाले सप्ताह में मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन 2 से 3 दिन बाद रात और दिन के तापमान में गिरावट होने से ठंड बढ़ेगी। साथ ही उत्तरी हिस्सों में घना कोहरा रहने की संभावना है।

000

भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में प्रवासी पक्षियों का आना शुरू हो गया है। माइग्रेटरी बड्र्स का झुंड केवलादेव पहुंचा है, जिसमे दो हजार से ज्यादा परिन्दे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि एक साथ इतनी तादाद में पक्षियों के आने से पर्यटकों को आनंद की अनुभूति हो रही है।

000

केन्द्रीय रिजर्व पुलिवस बल के नव आरक्षकों की दीक्षांत परेड आज जोधपुर में आयोजित की गई। बल के राजस्थान सैक्टर की महानिरीक्षक डॉ. अर्चना शिवहरे ने परेड की सलामी ली। इस बैच में 478 नव आरक्षकों को 44 सप्ताह का प्रशिक्षण दिया गया है।

000

जोधपुर और पाली संभाग के वरिष्ठ नागरिकों की तीर्थ यात्रा ट्रेन अब से कुछ देर बाद जोधपुर से रवाना होगी। यह ट्रेन भारत के प्रमुख तीर्थ स्थल रामेश्वरम–मदुरई और अन्य धार्मिक जगहों की यात्रा करवाएगी। इस ट्रेन में जोधपुर जिले से 400 वरिष्ठ नागरिक, पाली जिले से 200 और सिरोही जिले से 180 वरिष्ठ नागरिक यात्रा करेंगे। ये यात्रा 23 नवम्बर को सम्पन्न होगी। आज जोधपुर रेलवे स्टेशन पर देवस्थान विभाग द्वारा सभी यात्रियों के लिए भोजन और पीने के पानी की व्यवस्था की गई।

000

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आज जयपुर में सूचना और जनसम्पर्क विभाग विभाग की ओर से संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रेस के बदलते स्वरूप विषय पर हुई इस संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अतिरिक्त निदेशक अलका सक्सेना ने कहा कि बदलते समय के साथ विभाग की कार्य प्रणाली में भी अंतर आया है। जहां पहले केवल प्रिंट मीडिया ही सरकार की रीति–नीति, कार्यों के प्रचार प्रसार का एकमात्र माध्यम था वहीं अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार का कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर भरतपुर में लोहागढ़ प्रेस क्लब की ओर से संगोष्ठी रखी गई। इसमें वक्ताओं ने पत्रकारों की स्वतंत्रता और उनकी जिम्मेदारी को लेकर विचार व्यक्त किये। पाली में इस मौके पर पत्रकारों द्वारा साफ–सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

000